WA/C-13093/24-25

# अधीक्षण अभियंता, कार्य अंचल–01 का कार्यालय
# बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम, पटना, बिहार।

## दिनांक–19.12.2024 को सम्पन्न निविदा तकनीकी पुनर्मूल्याकंन समिति की बैठक की कार्यवाहीः–

दिनांक–19.11.2024 को संपन्न निविदा तकनीकी मूल्यांकन समिति की बैठक में किए गए मूल्यांकन के पश्चात् प्राप्त परिवादों के आलोक में **E-Quotation No-05-2024-25** के अधीन प्राप्त कोटेशन के दिनांक–10. 12.2024 को किए गए पुनर्मूल्यांकन की बैठक की कार्यवाहीः–

1. उपस्थितिः–

| | |
|---|---|
| 1. श्री प्रकाश चन्द्र, अधीक्षण अभियंता (मोनेटरींग), मुख्यालय, पटना | –संयोजक |
| 2. श्री सपलेश्वर मंडल, अधीक्षण अभियंता, कार्य अंचल–01, मुख्यालय, पटना | – अध्यक्ष |
| 3. श्री हेमंत कुमार, मुख्य लेखा पदाधिकारी, मुख्यालय, पटना | – सदस्य |
| 4. श्री शैलेन्द्र कुमार सिन्हा, तकनीकी सलाहकार, कार्य अंचल–1, मुख्यालय, पटना | – सदस्य |
| 5. श्री मनोज कुमार, कार्यपालक अभियंता, राजगीर प्रमण्डल, राजगीर | – सदस्य |
| 6. श्री मोनू कुमार ठाकुर, सहायक अभियंता, कार्य अंचल–01, पटना | – सदस्य |

दिनांक–19.11.2024 को संपन्न निविदा तकनीकी मूल्यांकन समिति की बैठक में **E-Quotation No-05-2024-25** में प्रतिभागी 6 (छः) अदद् कोटेशनदाताओं के तकनीकी बीड के मूल्यांकन के पश्चात् निम्न निर्णय लिए गए थे।

i. **Brajesh Kumar** द्वारा तकनीकी बीड अर्हता संबंधी वांछित कागजात संलग्न किया गया है।

ii. **Duster Total Solution Services Pvt. Ltd.** द्वारा तकनीकी बीड अर्हता संबंधी वांछित कागजात संलग्न किया गया है।

iii. **Euro Smile Facility Management** द्वारा समर्पित कागजात में विधुत अनुज्ञा प्रमाण–पत्र एवं पेस्ट कंट्रोल लाइसेंस संलग्न नहीं किया गया है।

iv. **M/s Kalsi Buildcon Pvt. Ltd.** द्वारा तकनीकी बीड अर्हता संबंधी वांछित कागजात संलग्न किया गया है।

v. **M/s NIS Management Ltd.** द्वारा तकनीकी बीड अर्हता संबंधी वांछित कागजात संलग्न किया गया है।

vi. **Raj Informatics Construction** द्वारा तकनीकी बीड अर्हता संबंधी वांछित कागजात संलग्न किया गया है।

निविदा तकनीकी मूल्यांकन समिति के उपरोक्त निर्णय को निगम के वेबसाईट पर प्रदर्शित करने के साथ–साथ प्रतिभागी कोटेशनदाताओं को e-mail के माध्यम से सूचित कर मूल्यांकन निर्णय के विरूद्ध आपत्ति दर्ज करने का अवसर दिया गया। प्राप्त परिवादों के आलोक में सभी प्रतिभागी कोटेशनदाताओं के तकनीकी बीड का पुनर्मूल्यांकन किया गया जिसमें कोटेशनदाताओं के तकनीकी बीड की स्थिति निम्नवत् पायी गयी है।

**(i) Brajesh Kumar-** श्री विकाश कुमार के द्वारा इनके विरूद्ध परिवाद दिया गया कि ये जिला स्वास्थ्य समिति वैशाली के पत्रांक– DHS/945/21-22 दिनांक–24.12.2021 द्वारा कालीकृत घोषित है। इस कार्यालय के पत्रांक–मोने0–464 (अनु0) दिनांक–26.11.2024 द्वारा तथ्यों के सत्यापान हेतु जिला स्वास्थ्य समिति, वैशाली को पत्र लिखकर वस्तुस्थिति की जानकारी उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया। जिला स्वास्थ्य समिति, वैशाली पत्रांक– DHS/1449/24-25 दिनांक– 28.11.2024 द्वारा प्रतिवेदित किया गया है कि कालीकृत संबंधी निर्गत पत्रांक– DHS/945/21-22 दिनांक–24.12.2021 को उसी कार्यालय के पत्रांक– DHS/1052/21-22 दिनांक–27.01.2022 द्वारा निरस्त कर मे0 ब्रजेश कुमार को कालीकृत से मुक्त किया जा चुका हे। अतः परिवाद सत्य नहीं पाया गया। पुनर्मूल्यांकन के पश्चात् इनका तकनीकी बीड मान्य योग्य पाया गया।

**(ii) Duster Total Solution Services Pvt.Ltd-** इनके द्वारा तकनीकी बीड के साथ वाँछित सभी कागजात संलग्न किया गया है जिसके आधार पर प्रथम मूल्यांकन में इनके तकनीकी बीड को मान्य किया गया था। परन्तु वस्तुस्थिति यह है कि इनके द्वारा अग्रधन के रूप में संलग्न DD का मूल प्रति जमा नहीं किया गया है। इस कार्यालय के पत्रांक– मोने0 474 (अनु0) दिनांक– 07.12.2024 द्वारा सूचित कर इन्हें DD का मूल प्रति समर्पित करने का अवसर दिया गया। साथ ही दूरभाष पर संपर्क कर भी इन्हें DD का मूल प्रति समर्पित करने का अनुरोध किया गया। दूरभाष पर इनके द्वारा बताया गया कि उक्त DD को इनके द्वारा रद्द करा दिया गया है, अतः उक्त DD का मूल प्रति जमा करना संभव नहीं है। उपर्युक्त के आलोक में वॉछित EMD अप्राप्त रहने के कारण इनका तकनीकी बीड मान्य योग्य नहीं पाया गया।

**(iii) Euro Smile facility management-** निविदा शर्त के अनुसार इनके द्वारा पेस्ट कन्ट्रोल लाइसेंस संलग्न नहीं किए जाने के कारण इनका तकनीकी बीड अमान्य किया गया था। बाद में इनके द्वारा मे0 फ्लोरा आर्गेनिक का पेस्ट कंट्रोल का लाइसेंस एवं **Euro Smile facility management** एवं **M/s Flora Organic** के साथ संयुक्त रूप से पेस्ट कंट्रोल का कार्य करने से संबंधित दिनांक–15.06.2022 को संपन्न एकरारनामा की प्रति समर्पित किया गया हैं। साथ ही निविदा शर्त्त के कंडिका–1.2 (d) के अनुसार कोटेशनदाता के लिए न्यूनतम 10000 वर्गमीटर क्षेत्रफल का **Comprehensive Maintenance & Housekeeping** का कार्य अनुभव अनिवार्य है, परन्तु इनके द्वारा समर्पित साक्ष्य से स्पष्ट नहीं हो रहा है।

**(iv) M/s Kalsi Buildcon Pvt.Ltd.-** इनके द्वारा तकनीकी बीड के साथ वाँछित सभी कागजात संलग्न किया गया है। इनका तकनीकी बीड मान्य योग्य है।

**(v) M/s NIS Management Ltd.-** इनके द्वारा तकनीकी बीड के साथ वाँछित सभी कागजात संलग्न किया गया है। इनका तकनीकी बीड मान्य योग्य हे।

**(vi) Raj Informatics Construction –** Armforge Cleanwave Pvt. Ltd. के द्वारा इनके विरूद्ध परिवाद दिया गया है कि ये पूर्व मध्य रेलवे के समस्तीपुर प्रमण्डल के पत्र संख्या–M/277/MECH/BEDROLL DISTRIBUTION/2022 दिनांक–17.10.2022 द्वारा दो वर्षों के लिए डिबार घोषित किया गया है। इस कार्यालय

के पत्रांक–मोने0–463 (अनु0) दिनांक–26.11.2024 द्वारा तथ्यों के सत्यापन हेतु Sr. Divisional Mechanical Engineer (C & W), Samastipur Division को पत्र लिखकर वस्तुस्थिति की जानकारी उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया। पूर्व मध्य रेलवे, समस्तीपुर के पत्रांक- M/277/MECH/BEDROLL DISTRIBUTION/2022 दिनांक–02.12.2024 द्वारा प्रतिवेदित किया गया है कि Raj Informatics Construction को पूर्व मध्य रेलवे के समस्तीपुर प्रमण्डल में 02 वर्षों के लिए डिबार किया गया है। कोटेशनदाता द्वारा लिखित रूप से सूचित किया गया है कि उन्हें मात्र समस्तीपुर प्रमण्डल के लिए ही डिबार किया गया था। डिबार अवधि में ही अन्य रेलवे प्रमण्डल द्वारा कार्य आवंटित किये जाने का साक्ष्य भी उनके द्वारा समर्पित किया गया है। अतः इस कोटेशन के लिए इनका डिबार संबंधी रेलवे का पत्र प्रभावी नहीं माना जाना चाहिए, परन्तु निविदा शर्त्त के कंडिका–1.2 (d) के अनुसार कोटेशनदाता के लिए न्यूनतम 10,000 वर्गमीटर क्षेत्रफल का Comprehensive Maintenance & Housekeeping का कार्य अनुभवन अनिवार्य है, परन्तु इनके द्वारा इसका स्पष्ट साक्ष्य संलग्न नहीं किया गया है।

2. <u>निविदा तकनीकी मूल्यांकन समिति का निर्णयः–</u>

2.1 निविदा में प्रतिभागी निविदाकार Euro Smile Facility Management एवं Raj Informatics Construction को निविदा शर्त के कंडिका 1.2 (d) के अनुसार न्यूनतम 10000 वर्गमीटर क्षेत्रफल का Comprehensive Maintenance & House Keeping का स्पष्ट साक्ष्य समर्पित करने के लिए पाँच दिनों का समय दिया जाता है। निविदाकार Duster Total Solution Services Pvt.Ltd. निविदा शर्त के कंडिका 1.3.1 के अनुसार तकनीकी बीड के अर्हता को पुरा नहीं करते है। शेष तीन निविदाकार Brajesh Kumar, M/s Kalsi Buildcon Pvt. Ltd., M/s NIS Management Ltd. तकनीकी बीड की अर्हता को पुरा करते है।

2.2 निविदा तकनीकी मूल्यांकन समिति के उपर्युक्त निर्णय को निगम के वेबसाईट पर प्रदर्शित करने के साथ–साथ निविदाकार को उनके e-mail से सूचित किया जाय।

2.3 तकनीकी बीड के उपरोक्त निर्णय के विरूद्ध पाँच दिनों के अंतर्गत आपत्ति दर्ज की जा सकती है।

19/12/2024
**सहायक अभियंता**
कार्य अंचल–01

19/12/2024
**कार्यपालक अभियंता**
राजगीर प्रमण्डल, राजगीर

19/12/24
**तकनीकी सलाहकार**
कार्य अंचल–1

19/12/2024
**मुख्य लेखा पदाधिकारी**
मुख्यालय, पटना

19.12.24
**अधीक्षण अभियंता**
कार्य अंचल–1

19/12/2024
**अधीक्षण अभियंता (मोनेटरींग)**
मुख्यालय, पटना